CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-04-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK1 User: ccl Time: 04-02-2026 22:07 Color:


नई दिल्ली > **शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026** > चैत्र 13, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण प्रतिपदा/द्वितीय , विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 78 > पेज 16* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की ट्रंप ने दी धमकी

▶ देखें अंदर



जंग से प्रभावित सेक्टरों के लिए जल्द आ सकता है राहत पैकेज

▶ देखें अंदर






# 3 महीने से न्याय के लिए भटक रही युवती

■ NBT न्यूज, नूंह

**तीन महीने** से ससुराल पक्ष की मारपीट और तीन तलाक से प्रताड़ित विवाहिता को आज तक न्याय नहीं मिला है। फिरोजपुर झिरका थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक चक्कर काटने और शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी साल 2023 में फिरोजपुर झिरका खंड के गांव पाटखोरी के रहने वाले रिजवान से हुई थी। शादी के समय मिले दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे और एक ट्रैक्टर, एक कार और 10 लाख रुपये नकद की मांग कर रहे थे।

> दहेज के लिए पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाला

पीड़िता ने बताया कि सितंबर 2024 में उन्होंने एक लड़की को जन्म दिया। जिसके बाद लड़का नहीं होने का ताना देते हुए ससुराल के लोगों की प्रताड़ना और बढ़ गई। आरोप है कि दिसंबर 2025 में उसने उसे खेत पर काम करने भेज दिया और उसकी बेटी की हत्या कर दी। जब महिला शाम को घर आई, तो उसे बेटी की मौत के बारे में जानकारी मिली। दिसंबर 2025 में रिजवान ने फोन पर महिला को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने फिरोजपुर झिरका थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# क्रशर प्लांट मशीन पर गिरा मिकैनिक, हॉस्पिटल में मौत

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी: धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव नंदरामपुरबास में एक कंपनी के क्रशर प्लांट में काम करते समय एक मैकेनिक मशीन पर गिर गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही धारूहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

> धारूहेड़ा इलाके के गांव की एक कंपनी में हुआ हादसा


बिहार के 30 वर्षीय विरेंद्र नंदरामपुरबास स्थित क्रशर प्लांट में बिजली मैकेनिक थे। कंपनी में उनके सगे व चचेरे भाई भी काम करते हैं। जिस समय विरेंद्र काम कर रहे थे तो अचानक मशीन पर जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उस समय उनके दोनों भाई मौजूद थे। उन्होंने तुरंत परिवार व पुलिस को सूचना दी। धारूहेड़ा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार ने अभी तक कोई शिकायत नहीं दी है।

# शख्स ने पशु बाड़े में फंदा लगाकर दी जान

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी: गांव चांदनवास के विक्रांत (34 वर्ष) ने पशु बाड़े में फंदा लगाकर जान दे दी। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और एक कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर शाम खाना खाने के बाद वह पशु बाड़े में चला गया। गुरुवार को उसका शव टिनशेड से लटका मिला। रोहड़ाई थाना प्रभारी विद्या सागर ने बताया कि एफएसएल टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने इस मामले को लेकर किसी के खिलाफ शिकायत नहीं दी है। हालांकि स्यूसाइड के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है।

> स्यूसाइड के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है









**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in